भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं० 1741

दिनांक 11.02.2021 को उत्तर दिए जाने के लिए

असम में जल जीवन मिशन की स्थिति

1741. श्री कृपानाथ मल्लाह:

क्या जल शक्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जल जीवन मिशन की प्रमुख विशेषताएं क्या हैं;

(ख) पिछले एक वर्ष के दौरान असम में इस मिशन के अंतर्गत स्वीकृत, आवंटित तथा उपयोग की गई राशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) असम में इस मिशन के अंतर्गत कितने जिलों को आरंभ में शामिल किया गया;

(घ) क्या सरकार ने असम में नल कनेक्शन की सुविधा वाले तथा बिना नल कनेक्शन वाले घरों के संबंध में कोई सर्वेक्षण करवाया है;

(ङ) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई लक्ष्य निर्धारित किया है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है एवं असम में इस कार्य में अब तक क्या प्रगति हुई है?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय

(श्री रतन लाल कटारिया)

(क): भारत सरकार राज्यों के साथ भागीदारी में जल जीवन मिशन (जेजेएम) का क्रियान्वयन कर रही है ताकि वर्ष 2024 तक प्रत्येक ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किया जा सके। इसका परिव्यय 3.60 लाख करोड़ रुपए है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत या इसकी उप-समिति अर्थात् ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति/पानी समिति के माध्यम से स्थानीय समुदाय को प्रत्येक घर में आश्वासित जलापूर्ति हेतु गांव में अवस्थित जल आपूर्ति प्रणाली की योजना बनानी है और इसका प्रबंधन, संचालन तथा अनुरक्षण करना है।

(ख): असम में वर्ष 2020-21 के दौरान जल जीवन मिशन के अंतर्गत आबंटित, जारी की गई और उपयोग की गई निधियों के ब्यौरे निम्नानुसार हैं:

(राशि करोड़ रुपए में)

केंद्रीय आबंटन	**जारी की गई निधि**	**सूचित उपयोग**	**राज्य द्वारा किया गया व्यय**
1,608.51	523.62	398.07	40.83

(ग): राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार असम के सभी 33 जिलों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत कवर किया जा रहा है। तथापि, 10 जेई-एईएस से प्रभावित जिलों को प्रत्येक ग्रामीण परिवार के लिए नल जल प्रदान करने में प्राथमिकता दी गई है।

(घ) से (च): पुन:विधिमान्यकरण के बाद, 08.02.2021 की स्थिति के अनुसार, असम में 63.35 लाख ग्रामीण परिवारों में से 4.08 लाख (6.45%) परिवारों के पास नल जल कनेक्शन हैं और राज्य ने वर्ष 2024 तक शेष परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान करने की योजना बनाई है। जल जीवन मिशन की घोषणा से लेकर अभी तक, असम में 2.97 लाख ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।

****